☎2286710
2286709
राज्य नगरीय विकास अभिकरण–226010
7/23, से0–7, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ।
website-www.sudaup.org
e-mail : pmusuda@gmail.com

पत्रांक– 2767 /110/तीन/97–vii दिनांक–09/07/2019

1. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परि0 अधिकारी,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 ।
2. समस्त सामुदायिक आयोजक, (सी0ओ0)
   शहर मिशन प्रबन्ध इकाई, उ0प्र0।

विषय-- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं सूडा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक दिनांक 12–जुलाई एवं 15–जुलाई, 2019 को आयोजित किए जाने के संबंध में।

अवगत कराना है कि सूडा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समस्त घटक एवं अन्य सभी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा हेतु दिनांक **12–जुलाई,2019 एवं 15–जुलाई,2019** को प्रातः 10.30 बजे से नव निर्मित सूडा मुख्यालय भवन (7/23,सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, एवं मातृ एवं शिशु कल्याण अस्पताल, शहीद पथ, लखनऊ) के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है।

उक्त समीक्षा बैठक में नियमित बिन्दुओं के अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत– आवासों की पूर्णता का लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त अवमुक्त किये जाने हेतु लक्ष्य एवं प्राप्ति, जियो टैग हेतु जनपदवार लक्ष्य एवं प्रगति की समीक्षा, उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति एवं नयी आवासों की डी0पी0आर0 प्रेषण की विशेष समीक्षा की जायेगी।

आसरा एवं आई0एच0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत अनावंटित आवासों के संबंध में समीक्षा तथा मुख्यमंत्री नगरीय अल्प मलिन बस्ती योजनान्तर्गत इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण के अन्तर्गत डी0पी0आर0 प्रेषण के संबंध में समीक्षा की जायेगी साथ ही जनसुनवाई के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों की भी समीक्षा की जायेगी।

समस्त परियोजना अधिकारी अपने जनपद में नियुक्त सी0ओ0 के साथ समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग करेंगे।

समीक्षा बैठक का जनपदवार कार्यक्रम निम्नवत है –

दिनांक	समय	जनपद का नाम
12.07.2019	प्रातः 10:30 से सांय 6:00 तक (दो0 2.00 से 2.30 लंच)	आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर मुजफ्फरनगर, शामली मुरादाबाद, सम्भल, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहांपुर, झांसी, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, औरैया, इटावा, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात।

15.07.2019	प्रातः 10:30 से सांय 6:00 तक (दो0 2.00 से 2.30 लंच)	**इलाहाबाद, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, आजमगढ़, बलिया, मऊ, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, फैजाबाद, अम्बेडकर नगर, अमेठी, बाराबंकी, सुल्तानपुर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, वाराणसी, चन्दौली, जौनपुर, गाजीपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर–खीरी, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव।**

अतः उपरोक्तानुसार जनपदवार कार्यक्रम के अनुसार सुसंगत सूचनाओं सहित स्वयं समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे।

(उमेश प्रताप सिंह)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनॉक तदैव।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
2. निदेशक कैम्प/अपर निदेशक कैम्प/वित्त नियंत्रक कैम्प/सहा0निदेशक कैम्प को सूचनार्थ।
3. समस्त परियोजना निदेशक, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
4. महाप्रबन्धक,सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0जल निगम, लखनऊ को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
5. कार्यकम अधिकारी, सूडा को समस्त कन्सलटेन्टस पी0एम0ए0वाई0 के साथ सुसंगत सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
6. समस्त स्टेट मिशन मैनेजर, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को सुसंगत सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
7. समस्त पटल प्रभारी, सूडा को सुसंगत सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
8. समस्त DPR-PMC एवं TPQMA कन्सलटेन्टस, पी0एम0ए0वाई0 को इस निर्देश के साथ कि वे स्वयं सुसंगत सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
9. श्री योगेश आदित्य, सहा0परि0अधिकारी/ वेब मास्टर, सूडा को वेबसाइट पर अपलोड करने तथा आवश्यक तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित् करने हेतु।
10. प्रभारी नजारत/नाजिर सूडा को समय से उपरोक्तानुसार आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित् करने हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
निदेशक